# <u>पाठ – संधि</u>

**<u>प्रश्नोत्तर</u> :–**

१. संधि किसे कहते हैं ? उदाहरण दो ।

उत्तर – दो वर्णों के मेल से उनके मूल रूप में जो परिवर्तन या विकार आ जाता है , वह संधि कहलाता है ; जैसे – पुस्तक + आलय = पुस्तकालय , सु + इच्छा = स्वेच्छा आदि ।

२. संधि–विच्छेद से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण दो ।

उत्तर – दो वर्णों के मेल से बने नए शब्द को वापस पहली वाली स्थिति में लाना संधि–विच्छेद कहलाता है ; जैसे – चंद्रोदय = चंद्र + उदय , नमस्ते = नमः + ते आदि ।

३. संधि के कितने भेद होते हैं ?

उत्तर – संधि के तीन भेद होते हैं –

क) स्वर संधि

ग) व्यंजन संधि

ग) विसर्ग संधि

३. स्वर संधि से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर – दो स्वरों के मेल से होने वाले परिवर्तन को स्वर संधि कहते हैं ; जैसे – रेखा + अंकित = रेखांकित , लोक + ईश = लोकेश आदि ।

४. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं ?

उत्तर – स्वर संधि के भेद –

क) दीर्घ संधि

ख) गुण संधि

ग) वृद्धि संधि

घ) यण संधि

ङ) अयादि संधि

## गृहकार्य (Home Work) :–

६. दीर्घ संधि से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण दो ।

७. गुण संधि से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण दो ।

८. वृद्धि संधि से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण दो ।

९. यण संधि से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण दो ।

१०. अयादि संधि से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण दो ।

**** COMPLETE ALL WORK IN GRAMMAR COPY WITH NEAT AND CLEAN HANDWITING**